कार्यक्रम

मानस भवन में रंगारंग आयोजन, मुंबई के जूनियर शशि कपूर रहे आकर्षण का केंद्र

# किशोर दा को संगीतमय श्रद्धांजलि, गूंजे सदाबहार नगमे

**नवभारत ,जबलपुर।** स्वर्गीय किशोर कुमार की जयंती के अवसर पर मानस भवन में जबलपुर कलाकार मंच द्वारा आयोजित 'रागारंग' संगीत संध्या यादगार बन गई।

इस भव्य आयोजन में किशोर कुमार, लता मंगेशकर और मोहम्मद रफ़ी के अमर गीतों ने ऐसा जादू बिखेरा की संगीत प्रेमियों से खचाखच भरे सभागार में देर रात तक तालियों की गड़गड़ाहट और संगीत की मधुर धुनें गूँजती रहीं।

### दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ सुधीर साहू, रंजना एवं बृजेश गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कलाकारों ने सुरों की ऐसी सरिता बहाई की हर गीत पर श्रोताओं ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

### जनप्रतिनिधियों ने लिया संगीत का आनंद

कार्यक्रम में उत्तर-मध्य क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष धीरज पटेरिया, पूर्व विधायक लखन घनघोरिया, रत्नेश सोनकर, कमलेश अग्रवाल एवं सुधांशु गुप्ता सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





### मानव सेवा सम्मान से हुए सम्मानित

समारोह के दौरान समाज सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले मनीष जैन, सोनू बचवानी, सुधीर साहू चौधरी, कृष्ण कुमार साहू, इंजीनियर मुकेश साहू, रमेश साहू तथा पत्रकार आभा दीपक साहू को 'मानव सेवा सम्मान' प्रदान कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है की किशोर कुमार की जयंती पर आयोजित यह संगीत संध्या केवल गीत-संगीत का कार्यक्रम नहीं रही, बल्कि हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम संगीत युग को श्रद्धांजलि देने वाला ऐसा सांस्कृतिक उत्सव बन गई, जिसने उपस्थित हर श्रोता के दिल में मधुर यादों की अमिट छाप छोड़ दी।

### मुंबई के जूनियर शशि कपूर ने जीता दिल

कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण मुंबई से आए जूनियर शशि कपूर रहे। उन्होंने अपने अभिनय, मंचीय अंदाज और जीवंत प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में फिल्मी दौर की सुनहरी यादों को फिर से जीवंत कर दिया।

### किशोर के गीतों पर झूम उठे संगीत प्रेमी

गायक अफजल खान, राजेश अग्रवाल ,पप्पू साहू , विकास शर्मा, रितेश चंदेल, टिकरिया जी, मनीष तिवारी, जब्बार जैन, निधि सिंह और दामिनी तिवारी ने एक से बढ़कर एक सदाबहार गीत प्रस्तुत किए।

# वरिष्ठ नागरिक समाज के अमूल्य धरोहर : विश्वास

▶ वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प



**नवभारत,जबलपुर।** वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनके अधिकारों की सुरक्षा और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ नागरिक परिषद, जबलपुर की बैठक आत्मीय एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, सामाजिक सरोकारों और संगठन की भावी योजनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष काजल विश्वास और परिषद के संरक्षक एवं नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों के हितों के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया और निकट भविष्य में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित करने की घोषणा की।

बैठक की शुरुआत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष काजल विश्वास एवं संरक्षक कमलेश अग्रवाल के आत्मीय स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई। परिषद के सचिव दिव्यकांत निगम, सेशू नायडू सहित वरिष्ठ सदस्यों ने अतिथियों का अभिनंदन किया।

### वरिष्ठों के अनुभव पूंजी

परिषद के संरक्षक कमलेश अग्रवाल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव समाज की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उनके अनुभवों और जीवन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का भरोसा दिलाते हुए निकट भविष्य में उनके सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित करने की घोषणा भी की।

### सामाजिक सरोकार पर हुई सार्थक चर्चा

बैठक के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। परिषद ने समाज सेवा की गतिविधियों को और अधिक व्यापक रूप से संचालित करने तथा वरिष्ठ नागरिकों को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन अनिल शुक्ला (संगठन सचिव) ने किया, जबकि गुरमुखदास (कोषाध्यक्ष) ने आभार व्यक्त किया। बैठक में एम.एल. अग्निहोत्री, जी.पी. विश्वकर्मा, दिव्यकांत निगम, अनिल शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### प्रभावी हो जनकल्याण के कार्य

अपने संबोधन में काजल विश्वास ने कहा की वरिष्ठ नागरिक समाज के अमूल्य धरोहर हैं। उनके सम्मान, अधिकारों की सुरक्षा और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक तक पहुंचाना परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने संगठन के माध्यम से समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया।

## एक नजर में

### नितिन भाटिया बने भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक




**नवभारत, जबलपुर।** भाजपा खेल प्रकोष्ठ में जबलपुर से नितिन भाटिया को प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मानसिंह यादव ने खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। नितिन भाटिया वुशु मार्शल आर्ट के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय वुशु खेल स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, साथ ही वुशु खेल स्पर्धा में पांच बार राष्ट्रीय पदक जीता है। भाटिया इसके पूर्व भाजपा मीडिया संपर्क विभाग में प्रदेश सह-संयोजक रहे हैं। नितिन भाटिया की नियुक्ति पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी और कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### समीर दीक्षित बने भाजपा दिव्यांगजन कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक



**नवभारत, जबलपुर।** भाजपा दिव्यांग जन कल्याण प्रकोष्ठ में जबलपुर से समीर दीक्षित को प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है।भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा दिव्यांग जन कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संदीप रजक ने प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। समीर दीक्षित की नियुक्ति पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन और कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अलीम मंसूरी बने कांग्रेस ओबीसी विभाग जिला सह-प्रभारी



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी को सिवनी जिला ओबीसी विभाग का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति ओबीसी विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष पवन पटेल और प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा की अनुशंसा पर, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद यादव के आदेशानुसार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंसा अनुरूप तथा ओबीसी प्रदेश प्रभारी रमेश मौर्य व अजय गजराज हटेवार द्वारा की गई है। अलीम मंसूरी को सिवनी जिला सह प्रभारी नियुक्त होने पर पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, तरुण भनोट, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, दिनेश यादव, संजय यादव, कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा और महमूद अंसारी आदि नेताओं ने खुशी का इजहार करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# कांग्रेसियों को मिला बूथ प्रबंधन और जनसंपर्क का मार्गदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** पाटन बाईपास स्थित कृष्णम रिसॉर्ट में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर द्वारा ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस में पाँच प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

इन सत्रों में ललित सेन, आनंद जाट, आरिफा खान, जितेंद्र वर्मा एवं संजय कामले, प्रोमिल मित्रा ने ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों को कांग्रेस की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली, नेतृत्व क्षमता, बूथ प्रबंधन तथा जनसंपर्क को सशक्त बनाने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर वक्ताओं ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन राष्ट्रीय प्रभारी हरीश चौधरी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, शहर प्रभारी राजकुमार खुराना, विधानसभा प्रभारी परम यादव एवं कई कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दीक्षारंभ से विधि शिक्षा की उड़ान, खालसा लॉ कॉलेज में फ्रेशर्स का स्वागत



**नवभारत, जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा विधि महाविद्यालय में नवप्रवेशित एलएलबी विद्यार्थियों के स्वागत एवं उनके विधिक जीवन की सशक्त शुरुआत के उद्देश्य से दीक्षारम्भ एलएलबी इंडक्शन प्रोग्राम-2026 का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विधि शिक्षा के मूल उद्देश्यों, न्याय व्यवस्था, संवैधानिक मूल्यों तथा एक सफल विधि व्यवसायी के दायित्वों से परिचित कराना था।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे राजेन्द्र श्रीवास्तव, पूर्व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं पूर्व अध्यक्ष, उपभोक्ता आयोग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विधि का विद्यार्थी केवल कानून का जानकार नहीं, बल्कि समाज में न्याय और संवैधानिक मूल्यों का सशक्त प्रहरी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर अध्ययन को अपने जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के संरक्षक एवं निदेशक डॉ. आर.एस. चंडोक के संरक्षण एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### व्यक्तित्व विकास से जुड़ी जानकारियां प्रदान की

इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम, अनुशासन, मूट कोर्ट, विधिक गतिविधियों एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विभिन्न जानकारियां प्रदान की गईं। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेते हुए अपने विधिक जीवन की नई शुरुआत का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापकों का विशेष सहयोग रहा ।कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वयन विधि विभागाध्यक्ष डॉ. आरती शुक्ला के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पररुचि सिंह, अमर पाटकर, अनीता साहू, आकांक्षी पाठक, अनिल गुलहानी एवं निर्मलजीत कौर का विशेष सहयोग रहा।

# हरियाली के संग मनाया श्रावण उत्सव, भंवरताल में गूंजा भोलेनाथ का जयघोष



**नवभारत,जबलपुर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर की सुप्रसिद्ध खेल एवं योग प्रशिक्षण संस्था महाराष्ट्र व्यायामशाला की योग क्लास की टीम ने भँवरताल में श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्रावण उत्सव मनाया। योगाचार्य राजेंद्र खोकले के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में योग, भक्ति और प्रकृति का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव के पूजन-अर्चन एवं सावन के धार्मिक महत्व पर चर्चा के साथ हुई। योग साधकों ने श्रावण मास को आत्मशुद्धि, संयम और आध्यात्मिक साधना का श्रेष्ठ काल बताते हुए योग एवं ध्यान के माध्यम से स्वस्थ और सकारात्मक जीवन का संदेश दिया।

**स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरणा-** इस अवसर पर योगाचार्य राजेंद्र खोकले ने कहा कि श्रावण मास केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि आत्मअनुशासन, प्रकृति से जुड़ाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने सभी से नियमित योग, ध्यान और सात्विक जीवनचर्या अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के समापन पर भगवान शिव से सभी के सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की मंगलकामना की गई। उपस्थित योग साधकों ने श्रावण मास के दौरान सेवा, साधना और सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार का संकल्प भी लिया।

# गौशाला में निराश्रित मूक पशुओं को प्रदान की गई सामग्री



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन द्वारा बुधवार, 5 अगस्त को गुप्तेश्वर वार्ड की पार्षद निशा संजय राठौड़ के आतिथ्य में नर्सिंग मंदिर परिसर स्थित गौशाला में निराश्रित गौवंश की सेवा की गई। इस पावन कार्य में संस्था की ओर से मूक पशुओं के लिए चुन्नी, चोकर, चारा, गुड़ और अन्य खाद्यान्न सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि भारतीय संस्कृति में गौसेवा को अत्यंत पुण्य एवं धर्म का कार्य माना गया है। पशु अपनी पीड़ा और आवश्यकता को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते, इसलिए उनकी सेवा करना ही सच्ची मानवता का परिचायक है। गौसेवा से करुणा, दया और संवेदनशीलता जैसे मानवीय गुणों का विकास होता है, इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पशु सेवा के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान संतोष चौरसिया, गरिमा विश्कर्मा, पूजा कोष्ठा और रवि अरोरा उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता कमलेश अग्रवाल के नेतृत्व में रवाना होगी कांवड़ यात्रा



**नवभारत, जबलपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं नगर निगम जबलपुर के पार्षद कमलेश अग्रवाल शनिवार,8 अगस्त को दोपहर 3 बजे महानगरी एक्सप्रेस द्वारा जबलपुर रेलवे स्टेशन से अपनी लगातार 37वीं कांवड़ यात्रा पर प्रस्थान करेंगे। उनके साथ लगभग 100 शिवभक्त कांवरिया भी इस पावन यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा के दौरान वे श्री काशी विश्वनाथ, वाराणसी के दर्शन और पूजन करने के बाद सुल्तानगंज से पवित्र गंगाजल लेंगे। इसके बाद लगभग 130 किलोमीटर की नंगे पैर पदयात्रा करते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। वहां से बाबा बासुकीनाथ धाम, दुमका पहुंचकर भगवान बासुकीनाथ का जलार्पण और दर्शन करेंगे।

# सेंट मैरीस हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद ने ग्रहण की शपथ



**नवभारत, जबलपुर।** सेंट मैरीस हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला प्रबंधन के वाइस प्रेसिडेंट फादर अब्राहम और प्राचार्य मिनाती एस चार्ल्स के मार्गदर्शन में छात्र संघ परिषद का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि सीनियर सिक्योरिटी ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अनचित कुमार और डॉ. मंजरी कुमार का स्वागत सैपलिंग भेंट कर किया। प्रार्थना गीत से शुरू हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करने के उद्देश्य से परिषद के गठन पर प्रकाश डाला गया और चुने गए छात्र-छात्राओं को पद की शपथ दिलाई गई। इसके तहत हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों से शाला नायक पद पर निशांत मार्को व भूषण भास्करन दुबे और शाला नायिका पद पर श्रेया सोनी व राधिका राव का चयन हुआ। इसके साथ ही डिसिप्लिन मिनिस्टर के रूप में आर्यन यादव, प्रीतिका सिंह, तान्या परस्ते, कल्चरल मिनिस्टर के रूप में कृष्णे मुलिक, यान तिर्की, भूमिका सिंह राजपूत और स्पोर्ट्स मिनिस्टर के रूप में वैभव मिश्रा, अंशिका चौधरी व अंश मिश्रा को विद्यालय की व्यवस्थाएं बेहतर करने का दायित्व सौंपा गया।

समारोह

इनरव्हील क्लब जबलपुर साउथ का 32वां पदस्थापना समारोह

# ग्रो एंड फ्लरिश के संकल्प के साथ नई टीम ने संभाली कमान



**नवभारत,जबलपुर।** इनरव्हील क्लब ऑफ जबलपुर साउथ का 32वां पद स्थापना समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएसपी सुरेखा परमार एवं विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट एडिटर प्रज्ञा मोहिले द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2026-27 के लिए नीति अवस्थी ने क्लब की अध्यक्षा तथा नूपुर अग्रवाल ने सचिव पद की जिम्मेदारी संभाली। साथ ही नई कार्यकारिणी का भी विधिवत गठन किया गया।

### ग्रो एंड फ्लरिश थीम के साथ सेवा का संकल्प

समारोह में वर्ष की थीम ग्रो एंड फ्लरिश यानि बढ़ें, खिलें और समाज को भी खिलने दें घोषित की गई। नई कार्यकारिणी ने महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में प्रभावी कार्य करने का संकल्प लिया।

### उन्मेष स्मारिका का हुआ विमोचन

समारोह के दौरान क्लब की वार्षिक स्मारिका 'उन्मेष' का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही विकलांग सेवा भारती के विशेष बच्चों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की।

### बालिकाओं को दी खेल सामग्री नए सदस्यों ने ली शपथ

सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए क्लब द्वारा गलगला सरस्वती शिशु मंदिर की प्राचार्या को विद्यालय की बालिकाओं के लिए खेल सामग्री भेंट की गई। वहीं क्लब के छह नए सदस्यों ने सेवा, समर्पण और सामाजिक दायित्वों के साथ कार्य करने की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 326 की पीडीसी राज रूपराह, पीडीसी मनीषा श्रीवास्तव, क्लब की सदस्याओं एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए सेवा कार्यों में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### ऑटिज्म जागरूकता बना समारोह का प्रमुख आकर्षण

कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायी आकर्षण ऑटिज्म जागरूकता पर आधारित विशेष प्रस्तुति रही। बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को संवेदनशीलता, समानता और समावेशिता का सशक्त संदेश दिया। वहीं पैरालंपिक विजेता ईशान की शानदार स्केटिंग प्रस्तुति ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालियां बटोरीं।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप ने की धार्मिक स्थलों की यात्रा



**नवभारत, जबलपुर।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संस्कारधानी के तत्वाधान में स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक एवं दर्शनीय स्थलों की यात्रा की गई। इस दौरान अमरकंटक स्थित भव्य जैन मंदिर में तीर्थंकर आदिनाथ की सामूहिक पूजा अर्चना की गई और शांतिधारा करने का सौभाग्य संस्कारधानी ग्रुप को मिला, जहाँ सभी सदस्यों ने भक्तामर विधान के साथ पुण्य लाभ लिया। इसके बाद सदस्यों ने नर्मदा उद्गम स्थल के दर्शन किए तथा दूध धारा, कपिल धारा, सहस्त्र धारा एवं अन्य दर्शनीय स्थानों के अनुपम दृश्यों का आनंद लिया। फेडरेशन के 33वें स्थापना दिवस पर संस्थापक अध्यक्ष दिवंगत प्रदीप सिंह कासलीवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में पूर्व अध्यक्ष अमित पारस, राजेंद्र जैन, सुनील घीया, श्रेयांश जैन, चित्रा घीया का सम्मान किया गया तथा रश्मि पारस, विमल जैन, अमित पारस, राजेंद्र जैन, सुनील घीया और श्रेयांश जैन ने स्थापना दिवस पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। इसके साथ ही संस्कारधानी ग्रुप की परामर्शक मंडल सदस्य, रीजन की पूर्व अध्यक्ष व राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव रश्मि पारस का विशेष सम्मान किया गया। अंत में चित्रा घीया ने आभार व्यक्त किया। इस पूरे आयोजन में अनिल, मुकेश, यतीन्द्र, अनुपम, मनीषा, जया, सुनीता और संगीता का सक्रिय सहयोग रहा।